साफ्टवेयर से रिसर्च के क्षेत्र में आई क्रांति

व्यावसायिक प्रबंधन विभाग में जुटे देश के जाने-माने विशेषज्ञ

का.सं. । रीवा

अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय के व्यावसायिक प्रबंधन विभाग में आयोजित कार्यशाला के दौरान विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. केएन सिंह यादव द्वारा कहा गया कि जब से सांख्यिकीय के साफ्टवेयर तैयार हुए हैं, तब से रिसर्च के क्षेत्र में नए युग की शुरूआत हुई है। बल्कि यह कहा जाए कि रिसर्च के क्षेत्र में एक क्रांति आई है। कार्यशाला का उद्घाटन करते हुए कुलपति ने कहा कि शोध के क्षेत्र में आया यह परिवर्तन कई उपलब्धियां अपने साथ लेकर आया है। कई क्षेत्रों में महत्वपूर्ण परिवर्तन आए हैं। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा संस्थान में अध्ययनरत शोध छात्रों की सुविधा के लिए एसपीएसएस साफ्टवेयर का क्रय किया गया है। जिसके लिए प्रशिक्षण का कार्यक्रम भी आयोजित किया गया है ताकि शोध छात्र अपने शोध प्रबंध में इसका उचित उपयोग कर अपनी गुणवत्ता बढ़ा सके। उन्होंने शोध के क्षेत्र में सांख्यिकीय के प्रयोग की वकालत की। वहीं कोलकता से आए विशेषज्ञ डॉ. तपोब्रत चौधरी ने साफ्टवेयर के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने इसके बारे में महत्वपूर्ण जानकारियां दी तथा कोरिलेशन के महत्व को भी रेखांकित किया। साफ्टवेयर के द्वारा विश्लेषण की बारीकियों पर भी उन्होंने महत्वपूर्ण बिन्दुओं को कार्यशाला के दौरान उपस्थित छात्रों के सामने रखा। कार्यशाला के दौरान उपस्थित शिक्षाविदों में मुख्य रूप से प्रो. विजय अग्रवाल, प्रो. एनपी पाठक, प्रो. आरएन सिंह, प्रो. एसएल अग्रवाल, प्रो. डीएस बघेल, प्रो. पीके राय, डॉ. नलिन दुबे सहित शोध छात्र और अतिथि विद्वान मौजूद रहे। कार्यशाला के अंत में प्रो. पीके राय ने सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

निकला।

एपीएस विवि में कार्यशाला

'सॉफ्टवेयर से आई शोध क्षेत्र में बड़ी क्रांति'

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

रीवा. अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय में गुरुवार को सांख्यिकी में सॉफ्टवेयर के प्रयोग पर आधारित कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्घाटन करते हुए कुलपति प्रो. केएन सिंह यादव ने कहा कि साफ्टवेयर का प्रयोग केवल सांख्यिकी तक ही सीमित नहीं है।शोध के क्षेत्र में साफ्टेयर की क्रांति से बड़ा बदलाव आया है। व्यावसायिक प्रबंधन विभाग में आयोजित कार्यशाला में कोलकता से आए डॉ. तपोव्रत चौधरी ने बतौर विशेषज्ञ छात्रों को साफ्टवेयर पर आधारित विभिन्न बिन्दुओं पर विस्तार से जानकारी दी।उनकी ओर से कोरिलेशन के महत्व पर भी विशेष जानकारी दी।

कार्यशाला को संबोधित करते कुलपति।

इस अवसर पर प्रो. विजय अग्रवाल, प्रो. एनपी पाठक, प्रो. आरएन सिंह, प्रो. एसएल अग्रवाल, प्रो. डीएस बघेल, प्रो. पीके राय, डॉ. नलिन दुबे व प्रो. पीके राय सहित अन्य प्राध्यापक उपस्थित रहे।